दिन–गुरूवार दिनांक– 04/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा के चौथे दिन सदन में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चर्चा में भाग लेते हुए राज्यपाल के अभिभाषण के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। मुंख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार पांच से प्रदेश में कानून का राज कायम है। उनकी सरकार का प्रमुख उद्देश्य सुशासन के साथ विकास है। श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश में अगले पांच वर्षों के दौरान एक करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। श्री कुमार ने बिहार के विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अब सुशासन की सरकार सब का साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करेगी। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना पूरा होगा। चर्चा में भाग लेते हुए राजद के कुमार सर्वजीत ने अतिक्रमण के नाम पर गरीबों के घर गिराने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार के रवैये को लेकर संघर्ष करेगी। इधर, अभिभाषण पर सरकार की ओर से उत्तर देते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया है कि राज्य की जनता एनडीए सरकार पर ही भरोसा करती है।

———————————————————————

इससे पहले, जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव को आज सर्वसम्मति से विधानसभा का उन्नीसवां उपाध्यक्ष चुना गया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्री यादव के विधानसभा उपाध्यक्ष बनाए जाने के लिए सदन के समक्ष प्रस्ताव रखा। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। विधानसभा सदस्यों से प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति के बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने नरेंद्र नारायण यादव के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा की।

———————————————————————————

इधर, बिहार विधान परिषद में भी राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद–विवाद हुआ। अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव जदयू की रीना यादव ने रखा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर नीतीश कुमार पर भरोसा जताया है। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोलने लगे जिसका विपक्ष ने विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने कहा कि पहले विपक्ष को बोलने का मौका दिया जाना चाहिए। बात नहीं माने जाने पर राबड़ी देवी समेत विपक्ष के सभी सदस्यों ने सदन का वॉकआउट किया। विपक्ष की अनुपस्थिति में ही मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में जिन बातों का जिक्र किया है सरकार प्राथमिकता से उसे पूरा करने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री के भाषण के बाद धन्यवाद का प्रस्ताव विपक्ष के बहिर्गमन के बीच सर्वसम्मति से पारित हो गया।

———————————————————————————

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत में आज एक बार फिर सुनवाई नहीं हो सकी। अगली सुनवाई अब आठ दिसम्बर को होगी। इस मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य सहित अन्य आरोपियों पर आरोप तय होने पर फैसला सुनाया जाना है।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर के न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर आज लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आने की संभावना है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।